पेज थ्री देहरादून

देहरादून, रविवार, 19 सितंबर 2021



# हमारा दून



डीएम बाणा चिल्हाड़ में जन समस्याएं सुनते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### टूरऑपरेटरों एवं होटल व्यवसायियों ने किया महाराज का सम्मान

**संवाददाता** देहरादून। न्यायालय द्वारा चारधाम यात्रा खोलने के निर्णय से उत्साहित अनेक टूरऑपरेटरों एवं होटल एसोसिएशन से जुड़े लोगों ने शनिवार को प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज से भेंट कर इसके लिए उनका आभार व्यक्त किया। प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज के सुभाष रोड स्थित कैंप कार्यालय पर शनिवार को प्रदेश के अनेक टूर ऑपरेटर एवं होटल एसोसिएशन से जुड़े लोगों ने पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज से भेंट कर न्यायालय द्वारा चारधाम यात्रा खोलने के निर्णय का स्वागत करते हुए समय–समय पर उनकी समस्याओं के निराकरण करने के लिए पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज का सम्मान भी किया।

### सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत डीएम पहुंचे बाणा, चिल्हाड

**संवाददाता** देहरादून। सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार ने जनपद तहसील त्यूनी क्षेत्र के दूरस्थ ग्राम बाणा चिल्हाड़ का भ्रमण कर लोगों की समस्याओं को सुना तथा मौके पर ही ग्रामीणों की शिकायतों/समस्याओं निस्तारण किया। इस अवसर पर 120 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें अधिकतर शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों को सम्बन्धित विभागों को यथाशीघ्र निस्तारण करते हुए आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### काश्तकारों का ग्रुप बनाकर सभी के पंजीकरण करना सुनिश्चित करें

**संवाददाता** देहरादून। ऋषिपर्णा सभागार जिला कार्यालय में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) जिला प्रबंधक के.के. मिश्रा द्वारा आगामी 01 अक्टूबर से जनपद के 11 खरीद केन्द्रों पर चलायी जानी वाली धान खरीद गतिविधियों को लेकर आर.एफ.सी, खाद्य विपणन, सहकारिता व सम्बन्धित विभागों व क्षेत्रीय काश्तकारों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

### राज्य आउटरीच कमेटी प्रदेश में कांग्रेस गतिविधियां और तेज करेंगी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने कहा है कि कांग्रेस की महत्वपूर्ण आउटरीच कमेटी राज्य भर में अपना जनसंपर्क अभियान तेज करेगी। वे आज कांग्रेस प्रभारी देवेंद्र यादव द्वारा यहां एक स्थानीय होटल में आयोजित एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता राज्य कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने की। धीरेंद्र प्रताप ने इस मौके पर कहा कि कांग्रेस की परिवर्तन राज्य यात्रा ने राज्य में भाजपा की चूले हिला दी है।

## प्रदेश को अगले 10 सालों में विभिन्न क्षेत्रों में बनाएंगे अग्रणी राज्य

**आशीर्वाद रैली**

■ मुख्यमंत्री ने किया ऋषिकेश में जन आशीर्वाद रैली में प्रतिभाग

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऋषिकेश में जन आशीर्वाद रैली में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने 12 घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्यामपुर रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण किया जाएगा। ऋषिकेश स्थित संजय झील का सौन्दर्यीकरण कर पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। बैराज स्थित झील पर साहसिक पर्यटन एवं वाटर स्पोर्ट्स प्रारंभ कराएं जाएंगे। ऋषिकेश में बहुमंजिला पार्किंग का निर्माण कराया जाएगा। ऋषिकेश में मां गंगा की धारा को निरंतर व व्यवस्थित स्वरूप में त्रिवेणी घाट पर लाया जाएगा।

कैम्पा योजना के अन्तर्गत वनों से सटे गांवों जैसे सत्यनारायण मंदिर से गौहरीमाफी, साहबनगर, भट्टोवाला, रूषाफार्म (गुमानीवाला)



में सड़क तथा विद्युत एवं अन्य जरूरी सुविधायें उपलब्ध कराई जाएगी। गुलदार प्रभावित क्षेत्र रायवाला, साहबनगर, खदरी के निवासियों की जानमाल की सुरक्षा का प्रबन्ध किया जाएगा। खदरी, लक्कडघाट, गुमानीवाला, रूषाफार्म, भट्टोंवाला, छिद्दरवाला आदि क्षेत्रों में हाथी व अन्य वन्यजीवों से सुरक्षा के प्रबन्ध किए जाएंगे। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र गौहरीमाफी, साहबनगर, ठाकुरपुर (खैरीखुर्द), गढ़ीमयचक में बाढ़ सुरक्षा के लिए प्रभावी कार्यवाही यथाशीघ्र आरम्भ की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में हाईटेक मिनी स्टेडियम की स्थापना की जाएगी। ऋषिकेश में सड़कों के निर्माण के लिए राज्य योजना से 20 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। निराश्रित गौवंश को आश्रय हेतु गौशाला की स्थापना कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा योग नगरी में आकर जहाँ एक ओर मैं स्वयं को गौरवान्वित अनुभव कर रहा हूँ वहीं दूसरी ओर आप सभी का प्रेम देखकर भावविभोर भी हूँ। इस योग ओर आध्यात्मिक भूमि को माँ गंगा का आशीर्वाद प्राप्त है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम छोर तक विकास की धारा को पहुंचाया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार में सराहनीय कार्य हो रहे हैं। ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक रेल लाइन का कार्य तेजी से चल रहा है। इस रेल लाइन का निर्माण डबल इंजन की सरकार में ही संभव था। ऋषिकेश हमारी ऐतिहासिक धरोहर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। युवाओं को प्रदेश में रोजगार एवं स्वरोजगार के पर्याप्त अवसर मिले इसके लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। राज्य में रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। ये भर्ती प्रक्रिया जल्द पूर्ण की जाएगी। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास सरकार का मूलमंत्र है। जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को प्रत्येक कार्यदिवस में प्रातः 10 से 12 बजे तक जन समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यों के सरलीकरण, समाधान एवं निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जिलों में शिविरों के माध्यम से आम जनमानस तक पहुंचाया जा रहा है।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष/विधायक मदन कौशिक, मेयर श्रीमती अनीता ममगाईं एवं जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

### पर्यटन एवं परिवहन से जुड़े लोगों को भी 200 करोड़ का राहत

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश को अगले 10 सालों में विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी राज्य बनाया जाएगा। कोविड के दौरान अनेक क्षेत्रों से जुड़े लोगों का कार्य प्रभावित हुआ। सरकार द्वारा उनको राहत देने का कार्य किया जा रहा है। चिकित्सा क्षेत्र के लिए 205 करोड़ का पैकेज दिया गया है। पर्यटन एवं परिवहन से जुड़े लोगों को भी 200 करोड़ का राहत पैकेज दिया गया है।


## 41 ट्रेनर्स कौशलाचार्य अवाड्र्स से सम्मानित

**सम्मान**

■ उत्तराखंड के दो ट्रेनर्स को भी मिला सम्मान

**संवाददाता**

देहरादून। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) ने शनिवार को कौशलाचार्य अवाड्र्स के तीसरे संस्करण पर आयोजित एक डिजिटल सभा में प्रशिक्षकों को सम्ध्मानित किया और चार नये ट्रेड्स लॉन्च किये। एमएसडीई ने यह भारत के युवाओं को सशक्त करने और ज्ध्यादा से ज्यादा प्रशिक्षकों को स्किल इंडिया मिशन से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित करने के अपने प्रयास में किया था। आयोजन में





स्किल इंडिया की कई पहलों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के 41 प्रशिक्षकों का सम्मान किया गया। उनमें से उत्तराखंड के अतनु घोष (डीजीटी) और सर्व फार्मास्युटिकल्स (अप्रेंटिसशिप) को कौशल पारितंत्र में उनके बेहतरीन योगदान के लिए पुरस्कार दिया गया।

कौशल विकास एवं उद्यमिता और शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा, "आज का यह अवसर वास्तव में शुभ है, जहाँ हम संसार के रचियता और हमारे स्किल इकोसिस्टम के निर्माताओं को सम्मानित कर रहे हैं। यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने उन युवाओं और सभी प्रतिभा–संपन्न लोगों की स्किलिंग, रिस्किलिंग और अपस्किलिंग पर जोर दें, जो राष्ट्र–निर्माण के लिये काम कर सकते हैं। "प्रशिक्षकों का सम्मान विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत उनके योगदान के लिये किया गया। पाँच प्रशिक्षकों को पीएमकेवीवाय ट्रेनर और एक्सीलेंस इन पीएमकेवीवाय मास्टर ट्रेनर नामक दो श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया। नौ प्रशिक्षकों ने जेएसएस के अंतर्गत पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि दो प्रशिक्षकों को एंट्रीप्रेन्योरशिप में योगदान के लिये पुरस्कृत किया गया।

इसके अलावा, पाँच अभ्यर्थियों को अप्रेन्टिसशिप श्रेणी के अंतर्गत पुरस्कार मिले और दो प्रशिक्षकों को डीजीटी ने नॉन–इंजिनियरिंग श्रेणी में पुरस्कृत किया। इंजिनियरिंग श्रेणी में दो लोगों का सम्मान हुआ।

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रं कल्याण संस्था के प्रतिनिधियों ने भेंट की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रं कल्याण संस्था के प्रतिनिधियों ने भेंट कर उनके समक्ष क्षेत्र के विकास कार्यों से सम्बंधित माँगे रखी। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी पिथौरागढ़ को निर्देश दिये कि जनपद पिथौरागढ़ में भारी बारिश की वजह से दारमा, व्यास व चौदास क्षेत्र के मोटर मार्ग बन्द होने के कारण तीनों घाटियों के गाँव वासियों के लिये खाद्यान्न आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने दारमा, व्यास व चौदास क्षेत्र में पैदल एवं मोटर मार्ग को सुचारू करने के साथ ही क्षेत्र में हैली सेवा द्वारा आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश जिलाधिकारी को दिये। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में भवान सिंह मोनाल, डॉ. विक्रम सिंह रोकली, हितेन्द्र सिंह ह्यांकी आदि शामिल थे।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।